भूकंपरोधी भवन निर्माण की नसीहत

कानपुर। आईआईटी में नेशनल इनफारमेशन सेंटर आफ अर्थक्विक इंजीनियरिंग (एनआईसीईई) और आईआईटी की तरफ से भूकंप रोधी भवन निर्माण को लेकर कार्यशाला हुई।

इसमें देशभर के 25 तकनीकी संस्थानों 60 एमटेक और पीएचडी छात्रों ने प्रतिभाग किया। सभी छात्र अपनी थीसिस जमा करेंगे, जिसे पैनल के समक्ष रखा जाएगा। बेहतरीन थीसिस को पहला खिताब दिया जाएगा। इसमें नकद पुरस्कार देने का प्रावधान है। बीते वर्ष की बेहतरीन थीसिस का खिताब बीएनटी तकनीकी संस्थान के छात्र पवन राठौर को मिला। इस संस्थान को तीसरी बार पुरस्कार मिला है। उद्घाटन डीन अकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर संजय मित्तल ने किया।